# महिला प्रौद्योगिकी संस्थान दून बना ओवरआल चैंपियन

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के दो दिवसीय एथलेटिक्स एवं कल्चरल इवेंट (कौथिक 2025) का ओवरआल चैंपियन महिला प्रौद्योगिकी संस्थान (डब्ल्यूआइटी) देहरादून रहा। विवि का आइटी बान उत्तरकाशी की छात्रा मानसी लांगजंप की विजेता बनी। यूटीयू के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया।

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के इस एथलेटिक्स एवं कल्चरल इवेंट कौशिक-2025 में विभिन्न संबद्ध संस्थाओं के अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर अपने हुनर का परिचय दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का प्रयास करना चाहिए, जिससे उनको बौद्धिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इस वर्ष विश्वविद्यालय के परिसर और संबंध 45 संस्थाओं के लगभग 1400 छात्र-छात्राओं ने 10 खेलकूद, तीन. तकनीकी और 15 सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं भाग लिया।




कौथिग 2025 में ओवर आल चैंपियन में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की विजेता छात्राओं को ट्राफी देकर सम्मानित करते कुलपति प्रो .ओंकार सिंह • साभार विवि

हाई जंप प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में प्रथम स्थान जेबीआइटी के विख्यात राणा, द्वितीय स्थान आइटी गोपेश्वर के योगेश सिंह बिष्ट और तृतीय स्थान फैकेल्टी आफ टेक्नोलाजी के श्रीकांत थपलियाल ने प्राप्त किया। वहीं, छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की दर्शित नौटियाल, द्वितीय स्थान जीआरडी की नितिक्षा रावत व तृतीय स्थान महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की दिव्या ने प्राप्त किया।

स्पोर्ट फुट प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान एसडीबीआइटी के रमेश हरण, द्वितीय स्थान जेबीआइटी के विख्यात व तृतीय स्थान जीबीपीईआइटी घुरदौड़ी पौड़ी के अक्षित शर्मा ने प्राप्त किया। वहीं, स्पोर्ट फुट प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान जेबीआइटी की प्रेरणा कुमारी ने झटका। द्वितीय स्थान पर महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की दीपिका रतूड़ी व तृतीय स्थान पर फैकल्टी आफ टेक्नोलाजी की सौम्या सिंघल ने प्राप्त किया।

डिस्कस थ्रो में छात्रों के वर्ग में प्रथम स्थान एपीजे केआइटी टनकपुर के समीर, द्वितीय स्थान जेबीआइटी के खुशाल ने जीता व तृतीय स्थान टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज टिहरी के प्रियांशु ने प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो के छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की दीपिका रथी और द्वितीय स्थान पर इसी संस्थान की प्रजनी बिष्ट रही। बिरला इंस्टीट्यूट भीमताल की प्रगति ने तीसरा स्थान झटका। जैवलिन थ्रो के छात्र वर्ग में जीबीटी के मोहित रावत प्रथम, तुलाज संस्थान के सतविंदर द्वितीय और जेबीआइटी के दीपक यादव तीसरे स्थान पर रहे।